## एक नजर में

### तौलकांटा मंडी ने आधिपत्य में लेने के बाद लखनलाल आनंदकुमार फर्म ने जमा कराए रुपए

**खंडवा।** कृषि उपज मंडी समिति खंडवा के सचिव ओ.पी.खेड़े ने 11 नवंबर को नई अनाज मंडी में लखनलाल आनंदकुमार द्वारा बीओटी पर संचालित तौलकांटे को अधिपत्य में लिया था। यह फर्म विगत वर्ष 2023-24 से मंडी समिति को पूर्व निर्धारित राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा था। श्री खेड़े ने बताया कि संबंधित तौलकांटा संचालक ने मंडी में आकर निवेदन किया कि अब पुन: इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं होगी। हमें पूर्व की भांति कांटा संचालन करने की अनुमति प्रदान की जाए। संचालक ने दांडिक शुल्क सहित देय संपूर्ण राशि का भुगतान करने से पूर्व की भांति कांटा संचालन की अनुमति मांगी। मंडी प्रशासन ने अनुमति प्रदान करते हुए भविष्य में कोई लापरवाही करने की चेतावनी पत्र देते हुए हिदायत दी है।

### जांच हेतु अधिकारी तैनात

**खंडवा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम'' के तहत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरण कर रहे हैं। इसके डिजिटाइजेशन कार्य की जांच हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने विधानसभावार अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश अनुसार मांधाता विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों में डिजिटाइजेशन कार्य की जांच के लिए अपर कलेक्टर के. आर. बडोले को जिम्मेदारी सौंप गई है। जबकि हरसूद विधानसभा क्षेत्र के लिए डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले को, पंधाना विधानसभा क्षेत्र के लिए डिप्टी कलेक्टर बजरंग बहादुर को,खंडवा नगरीय क्षेत्र के लिए नगर निगम खंडवा की आयुक्त प्रियंका राजावत को तथा खंडवा ग्रामीण के मतदान केंद्रों की जांच के लिए निर्वाचन पर्यवेक्षक प्रफुल्ल शुक्ला की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अत्यंत कम प्रगति वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें,और बूथ लेवल अधिकारी के कार्य में आ रही कठिनाइयों में सहायता और आवश्यक मार्गदर्शन देकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराएं।

### फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन का गठन

**खंडवा।** फिजियोथैरेपिस्ट संगठन जिला खरगोन का एक समारोह हुआ। पड़ोसी जिले खरगोन में इस संगठन से खंडवा जिले के मरीजों को भी यह सुविधा पाने में आसानी होगी। दूर दराज के कई क्षेत्रों में मरीज खंडवा के बजाय सनावद और खरगोन पास पड़ने के कारण वहां पहुंचते हैं। मुख्य अतिथि के रूप से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, खरगोन के अध्यक्ष डॉ रमेश नीमा एवं विशेष अतिथि के रुप में डॉ चेतन पटौदे उपस्थित थे। सभी फिजियोथेरेपिस्ट ने सर्वसम्मति से आगामी वर्ष (2026-27) की कार्यकारणी की घोषणा की, जिसमें अध्यक्ष के रूप में डॉ शुभम महाजन खरगोन और सचिव के रूप में डॉ हिमांशु भगोरे सनावद का चयन किया गया। उपाध्यक्ष डॉ ज्योत्सना तंवर मंडलेश्वर और कोषाध्यक्ष डॉ याशी चौधरी बड़वाह को बनाया गया। सह सचिव के रूप में डॉ अभिषेक कैशरे महेश्वर, एवं मीडिया प्रभारी डॉ चारुल तंवर मंडलेश्वर को चुना गया। मेडिकल कैंप प्रभारी डॉ अंकिता जैन को बनाया गया। इस मौके पर डॉ महेंद्र पाटीदार और डॉ श्रुति महाजन ने एसोसिएशन के बारे में नवागत फिजियोथेरेपिस्ट से अपने अनुभव साझा किए। अध्यक्ष डॉ शुभम ने बताया कि आने वाले वर्षों में इस इकाई के माध्यम से हम समाज के हर वर्गों तक फिजियोथैरेपी की सेवाएं पहुंचाएंगे। किसी इंसान के जीवन में फिजियोथैरेपी की क्या विशेषता और जरूरतें है, इस बारे में जिलेवासियों को संदेश पहुंचाएंगे। कैसे आप फिजियोथैरेपी का लाभ लेकर, अपनी कई तकलीफों से निजात पा सकेंगे, इस पर जोर दिया जाएगा। सचिव डॉ हिमांशु ने बताया कि हम कई तरीके के सेवा प्रकल्पों को करके जरूरमंद लोगों को अपनी सेवाएं पहुंचाएंगे। मुख्य रूप से जिले की सबसे वरिष्ठ फीजियोथेरेपिस्ट डॉ श्रृंखला निर्बान ने संगठन को मजबूत करने पर प्रकाश डाला। डॉ अक्षता जोशी को भी सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रभार दिया गया। इस मौके पर डॉ मेघा अग्रवाल,डॉ तान्या सक्सेना,और जिले के लगभग 25 फिजियोथेरेपिस्ट उपस्थित हुए।

### जावर में जल समिति सदस्यों का प्रशिक्षण



**खण्डवा।** अमृत संचय अभियान के तहत ग्राम जावर में 10 ग्राम पंचायतों की जल समिति सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अमृत संचय अभियान के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नारायण फरकले एवं गणेश कानडे द्वारा समिति सदस्यों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं अन्य तरीकों से भूमिगत जल स्तर बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान गांव के सरकारी भवन जैसे पंचायत भवन, स्कूल भवन, आंगनवाड़ी आदि एवं पक्के मकानों की छत का पानी जमीन में उतारने, फिल्टर लगाकर पाइप के माध्यम से छत के पानी से ट्यूब वेल का जल स्तर बढ़ाने के तरीके समझाए गए। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित जल समिति सदस्यों को सूखे हैंडपंप या सूखे ट्यूबवेल में सोक पिट बनाकर वर्षाजल को जमीन में उतारने, नदी नालों पर बोरी बंधान बनाने, खेत में मेड बंधान बनाने, खेत तालाब बनाने निस्तार तालाब बनाने की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जावर के सचिव एवं सरपंच ने अपने पंचायत एवं घर घर रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने एवं वर्षा जल को रोककर गांव के भूमिगत जल स्तर बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपयंत्री सारिका बाथो, सेक्टर प्रभारी मांगीलाल राठोड़ एवं नरेंद्र प्रजापति सरपंच अमित मालवीय सहित जल समिति सदस्य, बसकर गणेश अंजने,सरपंच, शंकर फूलमाली,गोपाल सोलंकी,सचिव,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,ग्रामीण उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना के घायलों को कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी

**खण्डवा।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नगदी रहित उपचार योजना - 2025 लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों को 1.50 लाख रूपये तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गयी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.ओ.पी.जुगतावत ने बताया कि इस योजना के तहत डेजिग्नेटेड एवं नॉन डेजिगनेटेड चिकित्सालयों द्वारा उपचार उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि डेजिग्नेटेड श्रेणी में वे चिकित्सालय सम्मिलित होगे जो आयुष्मान भारत योजना के तहत ऑर्थोपेडिक्स एवं पॉलीट्रॉमा विषय विशेषज्ञताओं में शामिल हैं, तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना से सम्बद्ध हैं। जबकि नॉन डेजिगनेटेड श्रेणी में वे चिकित्सालय सम्मिलित है जो क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है। ये चिकित्सालय स्टेब्लाइलनेशन पैकेज के तहत उपचार सेवाएं देंगे। **खण्डवा जिले के इन अस्पतालों में मिलेगी कैशलेस उपचार की सुविधा-** खण्डवा जिले में डेजिगनेटेड व नॉन डेजिगनेटेड चिकित्सालयों में स्वर्णिम आई केयर, संत रिचर्ड पम्पूरी,सोनी हॉस्पिटल,एस.एन.जी. हॉस्पिटल, शुभम हॉस्पिटल, श्रीमाली हॉस्पिटल,श्री साईं केयर हॉस्पिटल बोरगांव बुजुर्ग,श्री हेल्थ केयर, श्री दादाजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल,साईवान हॉस्पिटल,सैनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल,प्रकाश हॉस्पिटल,न्यू लाइफ हॉस्पिटल,नवोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल,नर्मदा हॉस्पिटल,मिश्रा हॉस्पिटल,लाइफ लाइन हॉस्पिटल, लक्ष्य हॉस्पिटल गुड़ी,के.के.हॉस्पिटल,जिनाली आई हॉस्पिटल,जैन नर्सिंग होम, जे.जे.मेमोरियल हॉस्पिटल, ईप्सा इंडोस्कोपी एड लेजर सेंटर, गुर्जर हॉस्पिटल, गार्गी लाइफ केयर हॉस्पिटल सिंगोट, चरक हॉस्पिटल मूंदी, अत्रिवाल हॉस्पिटल, आनंदम नेत्रालय, हिन्दूजा हॉस्पिटल शामिल हैं।

### मौसम का मिजाज : तापमान में गिरावट

**खंडवा।** इस सीजन में पहली बार खंडवा जिले का तापमान 10 डिग्री से नीचे 9.4 डिग्री न्यूनतम पर पहुंच गया। इस तरह की सर्दी पहले 25 दिसंबर के आसपास पड़ती थी। अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री दर्ज किया गया। फिलहाल इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, सुक्ता नागचुन जैसे बड़े डैम बनने के कारण लगभग 30 प्रतिशत हिस्से में जल भराव रहता है। उत्तर भारत से आने वाली हवाएं इन बड़े जलाशयों से गुजरकर और भी ठंडी हो जाती है। सिंचाई का रकबा भी जिले में काफी बड़ा है। यही कारण है कि तापमान इस बार सीजन में न्यूनतम तापमान 3 से 5 डिग्री तक भी पहुंचकर रिकॉर्ड बना ले तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

# वाहनचोरों की दो गैंग पकड़ाई

## दस मोटरसाइकिल और एक कार जब्त

नवभारत न्यूज

**खंडवा। हरदा और खंडवा के दो युवक,जो रिश्तेदार बताए गए हैं, उन्होंने मोटरसाइकिल चोरी का काम शुरू कर दिया। गाड़ियां चोरी करने यह मध्य प्रदेश की सीमा भी लांघ जाते थे। वहां चोरी करके बेच देते थे। पुलिस इनका भी पीछा कर रही है। कुछ लोगों को भी पकड़ा है, जिन्होंने वाहन खरीदे थे।**



बड़ा कब्रिस्तान के पास से इन्हें पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ में इन दोनों ने कई वाहन चोरी की घटनाएं काबुल कीं। पुलिस ने 10 मोटरसाइकिल जप्त भी कर ली। इन मोटरसाइकिल की कीमत 8 लाख रुपए बताई गई है।

गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय खण्डवा पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी अमित राठौर पिता गौरीशंकर राठौर, 37 वर्ष निवासी सांईआर्य कालोनी जिला हरदा, कृष्णपाल पिता अभय सिंह राठौर, 24 थाना मुंदी जिला खण्डवा हैं।

इनसे हीरो होंडा,सीडी डीलक्स जैसे दस वाहन जब्त किए गए हैं। खंडवा और इंदौर से यह चुराए गए थे।

### दो कार चोरों को भी इंदौर से पकड़ा

इस घटनाक्रम के अलावा पुलिस ने दो अन्य लोगों को पकड़ा है, जो पिछले महीने गुलमोहर कॉलोनी से एक स्विफ्ट डिजायर कर चुरा ले गए थे। कखर समेत इंदौर से इन्हें पकड़कर पुलिस खंडवा ले आई है।

एसपी मनोज राय ने बताया कि गुलमोहर कालोनी के घर के सामने से एक स्विफ्ट डिजायर MP 09 DR 2930 को चोरी होने के रिपोर्ट प्राप्त हई थी। इंदौर से आरोपी को पड़कर पुलिस ले आई वाहन भी जब्त कर लिया। न्यायालय पेश किया गया है। वाहन की अनुमानित कीमत करीबन 06 लाख रुपए है। गिरफ्तार आरोपी अंकित पिता हरीशंकर विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी अंबिका नगर इंदौर व आसिफ अली पिता नौशाद अली उम्र 24 वर्ष निवासी राजीव नगर इंदौर हैं।

# जीती ओंकारेश्वर वालों की 'ज़िद', नहीं बनेगा ममलेश्वर लोक



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर। तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में ममलेश्वर लोक बनाने का निर्णय प्रशासन ने फिलहाल इस स्थान पर स्थगित कर दिया है, जहां इसे बनाए जाना था। लोगों के भारी विरोध के कारण बड़ा असर सरकार और प्रशासन पर पड़ा था।**

चुने हुए जनप्रतिनिधियों को भी जवाब देना भारी पड़ रहा था। लोगों का गुस्सा चरम पर था।

### अपर कलेक्टर ने महंत को लिखित पत्र दिया

विरोध के चलते बन्द का व्यापक असर देखा जा रहा था। दूसरे दिन भी बंद रहा। इस दौरान प्रशासन ने लेटर जारी करते हुए ममलेश्वर लोक की योजना को निरस्त कर दिया है। अपर कलेक्टर ने लिखा है कि ममलेश्वर क्षेत्र में ममलेश्वर लोक बनाया जाना था। उसका विस्तार किया जाना था, किंतु लोगो की भावनाओं को देखते हुए ममलेश्वर लोक की योजना को निरस्त किया जाता है। इस संबंध का लेटर जोड़ गणपति मंदिर पर जाकर अपर कलेक्टर अरविंद चौहान ने महंत मंगलदास को दिया।

### झूम उठे लोग, आतिशबाजी की

इस संबंध में षडदर्शन संत मंडल के अध्यक्ष महंत मंगल दासजी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल विधायक नारायण पटेल के साथ भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिला था। लोक भावना को ध्यान में रखते हुए श्री ममलेश्वर लोक की योजना को निरस्त करने पर नागरिकों में प्रसन्नता है। खुशी में लोगों ने फ़टाके फोड़े। मुख्यमंत्रीजी का आभार व्यक्त किया।

# "जल संचय,जन भागीदारी" में खण्डवा जिले को मिला प्रथम पुरस्कार

## राष्ट्रीय जल पुरस्कार के तहत कावेश्वर पंचायत को मिला द्वितीय पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**खण्डवा। 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के अंतर्गत नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत की श्रेणी में खंडवा जिले की कावेश्वर पंचायत को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।**

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने खण्डवा के कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी.गौड़ा को पुरस्कार प्रदान किया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के "जल शक्ति अभियान: कैच द रेन" के तहत शुरू की गई "जल संचय, जन भागीदारी" पहल में खण्डवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इसके लिए खण्डवा जिले को 2 करोड़ रूपये का पुरस्कार मिला है।



कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि खण्डवा जिले की ग्राम पंचायत कावेश्वर में किए गए जल संरक्षण के उल्लेखनीय कार्यों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार के लिए कावेश्वर पंचायत का चयन किया गया है। इसके लिए 1.50 लाख रूपये का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत द्वारा विगत वर्षों में कावेरी नदी के उद्गम कुंड का जीर्णोद्वार किया गया। साथ ही पंचायत के पहाड़ी क्षेत्र को वाटरशेड के मूल सिद्वांत ''रिज टू वैली'' के आधार पर विकसित किया गया। इसके तहत लगभग 50 हेक्टेयर क्षेत्र में कंटूर, 55 गली प्लग, 35 पोखर तालाब, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हैंडपंप रिचार्ज, बोरवेल रिचार्ज, रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण किया गया।

# भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4255 रुपए

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 18 नवंबर को 4255 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए तथा 17 नवंबर को 4236 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी। भावान्तर का मॉडल रेट बढ़ने का आशय यह है कि मंडी में सोयाबीन का भाव बढ़ रहा है। नमी कम होने से सोयाबीन की गुणवत्ता ठीक होने से रेट का बढ़ना स्वाभाविक है। किसानों को मंडी में अच्छा भाव मिल रहा है। वैसे भी मॉडल भाव पिछले चौदह दिन के सोयाबीन के बाजार भाव का भारित औसत है। एमएसपी से ऑक्शन भाव / मॉडल भाव के अंतर की राशि सरकार दे रही है और किसान के नुक़सान की भरपाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में भावान्तर योजना के सफल क्रियान्वयन ने किसानों को एमएसपी की राशि मिलने की गारंटी दी है। व्यापारियों को मंडी से व्यापार मिल रहा है, जो उपार्जन की वजह से प्रभावित हो जाता है।

# किसानों की समस्या के साथ सड़क निर्माण को लेकर भी मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जनता द्वारा चुने गए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का दायित्व होता है कि अपने क्षेत्र के विकास के साथ क्षेत्र की जनता की समस्याओं का निराकरण करे,इस उद्देश्य को लेकर खंडवा की विधायक कंचन मुकेश तंनवे क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार सक्रिय है और विधायक निवास पर ही जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण भी करती हैं।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की विधायक श्रीमति कंचन मुकेश तनवे खंडवा विधानसभा क्षेत्र के विकास के साथ ही विधायक निधि से भी गांव-गांव में जन सुविधाए उपलब्ध कराई है साथ ही क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार भोपाल में मुख्यमंत्री की साथ ही संबंधित विभागों के मंत्रियों एवं अधिकारियों से भी रूबरू होकर चर्चा करती हैं, एवं मांग पत्र प्रस्तुत करती है। मंगलवार को भोपाल प्रवास के दौरान खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंनवे ने खंडवा रोड मार्गो की गंभीर स्थिति को लेकर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से सादर भेंट की।

इस दौरान उन्होंने किसानों की प्रमुख समस्याओं को रखा जिसमें मुआवजा राशि, बीमा राशि, तथा प्याज के निर्धारित दाम पर शासन द्वारा क्रय व निर्यात किए जाने को प्रमुखता से रखा।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि साथ ही विधायक विधायक कंचन तंनवे ने खंडवा डुल्हार मार्ग का कार्य प्रारंभ हो जाने पर हर्ष के साथ मुख्यमंत्री का रूबरू आभार व्यक्त किया एवं खंडवा से जावर मूंदी सड़क मार्ग के शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने का अनुरोध किया।

एमपीआरडीसी के प्रतीक शर्मा ने बताया कि खंडवा मुंदी मार्ग के लिए विभागीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण इस सड़क मार्ग के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होगी।



# मतदाताओं से कोई भी प्रमाण पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं लिये जाएंगे

**मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आयोग ने नियमों को स्पष्ट किया**

नवभारत न्यूज

**खंडवा। भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता हितैषी बनाने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।**

आयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि इन्यूमरेशन फेस के दौरान किसी भी मतदाता को अनावश्यक कागज़ी प्रक्रिया या दस्तावेज़ प्रस्तुत करने की आवश्यकता न पड़े। इसी उद्देश्य से आयोग ने तय किया है कि इन्यूमरेशन फेस में किसी भी मतदाता से जन्म प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण, पहचान पत्र जैसे कोई भी दस्तावेज़ नहीं लिये जाएंगे। बीएलओ का कार्य केवल घर-घर जाकर भौतिक उपस्थिति की पुष्टि करना और उपलब्ध जानकारी को फॉर्म में दर्ज करना है।

ईआरओ द्वारा मतदाताओं से दस्तावेज केवल तभी माँगे जाएंगे जब ड्राफ्ट रोल प्रकाशित होने के बाद किसी मतदाता की उपलब्ध जानकारी, डिक्लेयरेशन या इन्यूमरेशन फॉर्म या डेटाबेस से मेल न खाती हो।

जिन मतदाताओं या उनके माता-पिता का नाम राज्य की अंतिम गहन पुनरीक्षण सूची 2003 या उससे पहले में दर्ज है, ऐसे सभी मतदाताओं को पूर्व-सत्यापित माना गया है। ऐसे मतदाताओं से बीएलओ द्वारा किसी भी प्रकार के प्रमाण-पत्र या दस्तावेज की माँग नहीं की जाएगी। बीएलओ केवल वर्तमान निवास की पुष्टि करेगा। आयोग का उद्देश्य नागरिकों को सरलीकृत, सुगम और भरोसेमंद प्रक्रिया उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता दस्तावेज़ों की कमी, भ्रम या अनावश्यक औपचारिकताओं के कारण मतदाता सूची से बाहर न रह जाए।

### आज गांधी भवन में होगा रक्तदान शिविर

**खंडवा।** 19 नवंबर को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी जी की 108वीं जयंती व मध्यप्रदेश कांग्रेस के ऊर्जावान अध्यक्ष जीतू पटवारी के 52वें जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार को दोपहर 11.30 बजे गांधी भवन खंडवा पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह,शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी सहित समस्त कांग्रेस प्रकोष्ठ के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र सिंह राठौड़,संजय पाटीदार ने सभी से निवेदन किया कि अपने युवा साथियों के साथ इस रक्तदान शिविर में उपस्थित होकर अपना योगदान प्रदान करें जीवनदान के लिए रक्तदान अवश्य करे।

# आदतन अपराधियों से भरवाए बाउंड ओवर

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 21 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 14 प्रकरणों मे 17 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 04 प्रकरणों मे 04 अनावेदकों के विरुद्ध विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 11 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 13 गिरफ्तारी,01 स्थाई, 39 जमानती वारंट,72 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध थाना थाना पंधाना के आरोपी गुलाबसिंग पिता सोहज्या उम्र 32 साल निवासी ढोकनखेडा के कब्जे से अवैध 48 देशी प्लेन मदिरा शराब 180 एमएल के कीमती 3840/-रु.की जप्त की गई। थाना मूंदी के आरोपी जितेन्द्र पिता नैनसिंह उम्र 30 साल निवासी गुलगांव रैयत के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी प्लेन शराब कीमती 1440/-रु. जप्त की गई। आरोपी गोपाल पिता मोतेसिंह उम्र 38 साल निवासी ग्राम भादलीखेडा हाल मूंदी के कब्जे से 08 ली. देशी हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कीमती 800/- रू. की जप्त की गई। आरोपी पर्वत पिता लक्ष्मण देवडा उम्र 36 साल निवासी ग्राम जलवा बुजुर्ग के कब्जे से 09 ली. देशी हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कीमती 900/- रू. की जप्त की गई।

थाना मांधाता के आरोपी संदीप पिता रेवाराम बरोले उम्र 38 साल निवासी ग्राम मोरघडी कलोनी संदीप पिता रेवाराम बरोले उम्र 38 साल निवासी ग्राम मोरघडी कलोनी के कब्जे से उक्त शराब 08 लीटर कच्ची महा हाथ भट्टी कीमती 800/- रु. की जप्त की गई। आरोपिया कमला बाई पति कमल उम्र 59 साल निवासी ग्राम मोरघडी कलोनी कमला बाई पति कमल उम्र 59 साल निवासी ग्राम मोरघडी कलोनी के कब्जे से उक्त शराब 08 लीटर कच्ची महओं हाथ भट्टी कीमती करीबन 800/- रु. की विधवित जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियों क के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गईहै।

**चिकित्सा सुविधा** — खंडवा की हवाईपट्टी अंग्रेजों के जमाने वाली है। अब भी इसका उपयोग हो रहा है।

# वृद्ध ताराबाई को त्वरित उपचार के लिए खंडवा से इंदौर ले गई एयर एम्बुलेंस

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** मध्यप्रदेश साधारण वर्ग को भी त्वरित चिकित्सा सुविधा के मामले में हाईटेक हो रहा है। राज्य की सरकार ने बड़ा दिल दिखाते हुए पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से पंधाना के शाहपुर गांव की 73 वर्षीय ताराबाई को मंगलवार सुबह एयर एंबुलेंस के जरिए खंडवा से इंदौर चिकित्सा सुविधा के लिए भेजा। यह आम वर्ग के लिए बड़ी बात है।





ताराबाई की रीढ़ वाली हड्डी में चोट के कारण लकवा लग गया था। बिना समय का बाय उन्हें बड़े इलाज की जरूरत थी। खंडवा की हवाईपट्टी पर हवाई जहाज उतरा। यहां पहले से ही अस्पताल प्रशासन ने ताराबाई पति बलराम को तैयार रखा था। महापौर अमृता अमर यादव के अलावा विधायक कंचन मुकेश तनवे भी ताराबाई को छोड़ने के लिए पहुंची थीं। उन्हें इंदौर के अस्पताल में उच्च स्तरीय इलाज के लिए भिजवाया गया है।

### हवाईपट्टी अब तो व्यवस्थित करो लोकल के नेताजी

ज्ञातव्य है कि खंडवा की हवाईपट्टी अंग्रेजों के जमाने वाली है। अब भी इसका उपयोग हो रहा है। 1920 में बनी हवाईपट्टी से बड़े-बड़े मालवाहक हवाई जहाज से द्वितीय विश्व युद्ध में रसद, असला और सैनिक महू के लिए लाए और ले जाते रहे हैं। यहां वीआईपी हवाई जहाज आज भी उतरते हैं। इस हवाई पट्टी को हवाई अड्डे का दर्जा देने के लिए मांगे उठीं,लेकिन शक्तिशाली राजनीतिक इच्छाशक्ति और पावरफुल जनप्रतिनिधि न होने के कारण ऐसा नहीं हो सका है।

### जानिए,इस सुविधा के बारे में

एयर एम्बुलेंस से आयुष्मान कार्ड धारको को राज्य के भीतर और बाहर सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज के लिए भेजने हेतु निशुल्क सेवा उपलब्ध है। गैर आयुष्मान कार्ड नागरिको को राज्य के भीतर सरकारी अस्पतालों तक निशुल्क तथा राज्य के बाहर अनुमोदित दरों पर सशुल्क सेवा उपलब्ध है।

### रूंधे गले से मुख्यमंत्री व सरकार का माना एहसान

मरीज के परिजन लक्ष्मण ओसवाल ने कहा कि उनकी वृद्ध परिजन को तुरंत ऐसी सुविधा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनकी सरकार का जितना भी शुक्रिया अदा कर सकूं वह कम है। जिंदगी भर एहसान रहेगा।

### तुरंत उपचार की थी जरूरत

पी.एम.श्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रदेश में गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार के लिए बड़े शहरों के अस्पतालों में भेजने हेतु वरदान सिद्ध हो रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि रीढ़ की हड्डी में चोट के कारण ताराबाई लकवा ग्रस्त हो गई थी, मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए आज एयर एंबुलेंस के माध्यम से इंदौर भिजवाया गया है, ताकि वहां उसे उच्च स्वास्थ्य स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।